सार-समाचार

हिंदुओं पर अत्याचार रूकवाने मांग

जालोर, (कासं)। सनातन धर्म सेवा एवं संवर्धन संस्थान जालौर कि ओर से सोमवार को को प्रधानमंत्री के नाम पर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि बांग्लादेश व पाकिस्तान में हो रहे हिंदुओं के नर-संहार, तोडे जा रहे हैं हिंदू देवी देवताओं की मूर्तियां व मंदिरों, हिंदू समाज की बहन बेटियों के बलात्कार व जबरदस्ती धर्म परिवर्तन आदि अत्याचारों पर तुरंत रोक रोक लगवाने को प्रथम प्राथमिकता से कूटनीतिक प्रयास करने के तथा इन्डी गठबंधन की विभिन्न पार्टियों द्वारा देश के विरुद्ध किए जा रहे षडयंत्रों की जांच करवाकर उन्हें देशद्रोहियों की श्रेणी में रखकर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाही की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि बांग्लादेश के आठ जिलों में लगातार जबरदस्त हिंदुओं पर बर्बरता पूर्ण अत्याचार को रुकवाने तथा पीडित हिंदुओं की मदद के लिए आवश्यक कदम उठाये जाये साथ ही बांग्लादेश के हिंदू भारत में आना चाहते हैं उन्हें भारतीय नागरिकता देने की मांग भी की गई । ज्ञापन में जालौर शहर के विद्युत में विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार अघोषित विद्युत कटौती, विद्युत बिलों का आम जनता को समय पर नहीं मिलने पर विद्युत विभाग के कर्मचारी व अधिकारियों द्वारा मनमाना रवैया अपनाने आम जनता को संतोष जनक जवाब नहीं देने, विद्युत संबंधित शिकायतों का निस्तारण समय पर नहीं करने आदि पर भी संज्ञान जिला कलेक्टर द्वारा लेने का अनुरोध किया गया। ज्ञापन देते समय संस्थान के अध्यक्ष बंशीलालजी सोनी, दिनेश बारोठ, सोमनाथ जी छगनजी वैष्णव, संभाजी मराठा, जूठाराम सोलंकी दलपत जी बोहरा, रमसा माली, नैनाराम माली, पप्पू भाई बंजारा, हेमंत सेन, सुनील शर्मा, समेलाराम, लांकाराम गवारिया, मांगीलाल कच्छवाह, राणाराम हीरागर, धनपतजी जैन, मनोहर राणा, चौथाराम, डिंपल सिंह, बंशीलाल जी सेन, मनोज सोनी, मगनाराम, किशन गुप्ता, भंवरलाल सोनी, रमेश गहलोत, पुखराज माली लाल सिंह, जयंतीलाल, नंदलाल खटीक, मदनलाल माली और भारी संख्या में सनातन धर्मावलम्बी उपस्थित थे।

डूंगरा परमेश्वरा मठ में जागरण हुआ

धोरीमना, (निसं)। धौरीमन्ना उपखंड के डूंगरपुरी का मठ चौहटन की शाखा संत आश्रम धोरीमना में 11 की रात्रि का जागरण का आयोजन हुआ। आयोजनकर्ता पुरखाराम सारण डूंगराराम सारण सुखराम भाम्भू कालूराम मांजू एवं महाप्रसादी के लाभार्थी । महंत जगदीशपुरी महाराज मठाधीश चौहटन के सानिध्य में शाखा संत आश्रम धोरीमना में 11 अगस्त की रात्रि भव्य जागरण का आयोजन किया गया । डूंगरपुर भजन मंडली एंड पार्टी द्वारा गायक राधेश्याम गोड व जबरसिंह ।एव गणेश वंदना गुरु महिमा वह देवी देवताओं की रात भर प्रस्तुतियां दी । कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। मठाधीश जगदीश पुरी ने कहा की चौहटन तपोभूमि पांडवों की भूमि है एवं डूंगरपुरी के 300 साल पुराना इतिहास की बात कही 12 वीं पीढी के बारे विस्तृत जानकारी दी । एवं वाकल माता के विस्तृत विशेष जानकारी दी। जगदीशपुरी ने मठो के बारे में जोर देते हुए कहा कि सनातन धर्म सेवा व दया का आस्था का केंद्र है सनातन धर्म प्रेमियों को अपना समझ कर ही सहयोग करना है मठो की संपत्ति सनातन धर्म प्रेमियों की है। धोरीमना मठ की जल्द ही प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी पुजारी रामपुरी धोरीमना कस्बे में स्थित डूंगरा परमेश्वरा चौहटन की शाखा धोरीमना मठ रात्रि में जागरण सुबह में महा आरती व महाप्रसादी का आयोजन किया गया। श्रावण मास के चौथे सोमवार के डूगरा परमेश्वरा महादेव का अभिषेक दूध दही बेल पत्ता फुल आंकडे के डोडियो भांग धतूरे से शिव भक्तों द्वारा महिलाएं शिव जी के मंगल गीत गाए बुजुर्ग बच्चों द्वारा दिन दिनभर तातालगा रहा । दिनभर मेला रहा । सनातन धर्म प्रेमियों ने भगवान शिव जी से क्षेत्र के लिए खुशहाली की मांग की । इस मेले मे श्रावण मास का पवित्र मास में दिन भर धोरीमना क्षेत्र के शिव भक्तों द्वारा डूंगरा परमेश्वरा महादेव का अभिषेक किया संतगण तुलसपुरी सायडा गिरधर पूरी भुणिया । रमेश पुरी भेरपुरी गोरनपुरी चौहटन । मठ का कार्यकर्ता किशन सारण मोबताराम गुरलिया भजनाराम प्रवीण कुमार जुंजाराम राजूराम सारण समस्त धोरीमना क्षेत्र के मठ के सदस्यगण जागरण एवं मेले में रहे उपस्थित थे।

स्वाधीनता दिवस समारोह पर चर्चा कीं

जालोर, (निसं)। जिला कलैक्टर पूजा पार्थ की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले स्वाधीनता दिवस समारोह की तैयारियों के संबंध में रिव्यू बैठक सम्पन्न हुई जिसमें विभिन्न तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में उन्होंने शिक्षा विभाग, नगरपरिषद जालोर, सार्वजनिक निर्माण विभाग, विद्युत, जलदाय, पुलिस व चिकित्सा इत्यादि विभागों के अधिकारियों को तैयारियाँ पूर्ण कर स्वाधीनता दिवस समारोह को सफल बनाने के निर्देश दिए। जिला कलैक्टर द्वारा समारोह से जुड़ी विभिन्न तैयारियाँ यथा-सरकारी कार्यालयों पर रोशनी व सजावट, पानी, बिजली, वाटरप्रुफ टेंट, माईक, बैठक व्यवस्था, परिवहन व ट्रैफिक व्यवस्था, ध्वजारोहण के साथ ही आयोजित होने वाले सांस.तिक कार्यक्रमों, मार्च पास्ट, लोक कलाकारों द्वारा नृत्य सहित अन्य कार्यक्रमों के पूर्वाभ्यास एवं तैयारियों को लेकर अधिकारियों की निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करते हुए स्वाधीनता का राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाने की बात कही। उन्होंने स्वाधीनता दिवस की संध्या पर वीरम मंच पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर नगर परिषद व शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव, अतिरिक्त जिला कलैक्टर शिवचरण मीना, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी, जालोर उपखण्ड अधिकारी शंकरलाल मीना, डिस्कॉम एसई पी.एस.राठौड़, सार्वजनिक निर्माण विभाग के एसई चतुर्भुज खुड़ीवाल, पीएचईडी के एसई आर.सी.मीना सहित कई जने मौजूद रहे।

हर-हर महादेव के जयकारे गूंजे

जोधपुर, (कासं) । सूर्यनगरी के शिवालयों में सावन का चौथा सोमवार श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया गया। शिवालयों में सुबह से ही रुद्राभिषेक शुरू हो गए व हर-हर महादेव, बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे। दिनभर शिवालयों में मेले सा माहौल रहा। सावन के सोमवार के उपलक्ष में शिव मंदिरों में विशेष अनुष्ठान व फूलमंडलियां व शिव परिवार की प्रतिमाओं का नयनाभिराम श्रृंगार किया गया। कटला बाजार स्थित प्राचीन शिवालय अचलनाथ, सिवांचीगेट के भूतेश्वर महादेव, चांदपोल के बाहर रामेश्वरनाथ सिद्धपीठ, जालोरीबारी में बड़लेश्वर महादेव, सूरसागर रोड पर डूंगरिया महादेव, भूतेश्वर वन क्षेत्र में भूतनाथ, भोगिशैल पहाडियों में मंडलनाथ, बैजनाथ, सोजतीगेट के भीतर स्थित भोमेश्वर महादेव मंदिर में सोमवार सुबह महारुद्राभिषेक व विशेष श्रृंगार हुए। वहीं उम्मेद उद्यान स्थित शिव मंदिर में शिवलिंग की झांकी के दर्शन कराए गए। शिव मंदिरों व शिवालयों में आज पूजा अर्चना के साथ अभिषेक किए गए। यहां दिनभर हर-हर महादेव व बम-बम भोले गुंजायमान होते रहे। घरों में भी धार्मिक आयोजन हुए। रातानाडा स्थित कृष्ण मंदिर में भी साज सज्जा की गई। अभिषेक के बाद बिल्व पत्र, धतूरा, बेल, आंक के फूल शिवजी को अर्पित किए गए। सावन के सोमवार को मंदिरों में विशेष अनुष्ठान व फूलमंडलियां व शिव परिवार की प्रतिमाओं का नयनाभिराम श्रृंगार किया गया।

सी.ई.टी.पी.चुनाव में सालेचा पैनल जीता

बालोतरा, (निसं)। बालोतरा वह बिठूजा वस्त्र उद्योग के सबसे बडे सीईटीपी ट्रस्ट के चुनाव को लेकर सोमवार को मतगणना हुई। जिसमें निवर्तमान अध्यक्ष रूपचंद सालेचा का पैनल चौथी बार विजयी हुआ। परिणामों की घोषणा के बाद सालेचा के समर्थकों ने उनका मालाएं पहनाकर स्वागत किया और बधाई दी। इससे पूर्व मतगणना रिटर्निंग अधिकारी राजेंद्र गहलोत और एसडीएम राजेश कुमार की निगरानी में सवेरे नौ बजे मतगणना शुरू हुई। अंतिम परिणाम शाम को जारी हुआ। जिसमें रूपचंद सालेचा के पैनल को जीत मिली। चुनाव में रूपचंद सालेचा के 11 प्रत्याशी जबकि शांतिलाल बालड के 9 प्रत्याशी विजयी रही। वहीं बिठुजा मे शान्तिलाल बालर के पैनल के 4 सदस्यों ने जीत दर्ज की। सीईटीपी चुनाव 2024 के चुनाव में रूपचंद सालेचा के पैनल ने चौथी बार बाजी मारी है। चुनाव में रूपचंद सालेचा, गौतम चंद काकरिया, रामकिशन गर्ग, मुकेश मदाणी, संजय कुमार संघवी, नरेश भंडारी, कमलेश चोपडा, सिद्धार्थ महेश्वरी, नितेश गोगड, लूणकरण सालेचा, नरेंद्र गोलेच्छा, महेंद्र भंडारी, ललित जीरावाला जीते। मगलवार को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष को चुना जाएगा।

देशभक्ति का संदेश देंगे

पाली, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर एलएल मंत्री के मार्गदर्शन में मंगलवार 13 अगस्त को सर्किट हाउस से प्रात: 9 बजकर 30 मिनट पर सर्किट हाउस से ट्रैक्टर रैली आयोजित की जायेगी। जिला प्रशासन व परिवहन विभाग के तत्वाधान में इसका आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं जिला परिषद के सीईओ नन्दकिशोर राजौरा ने जानकारी दी।

सीमाओं की सुरक्षा को लेकर सीमा सुरक्षा बल अलर्ट : गर्ग

जोधपुर, (कासं) । सीमा सुरक्षा बल बांग्लादेश में उपजे हालात के बाद पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है और हर परिस्थिति से निपटने में सक्षम है। वही 15 अगस्त को लेकर भी बीएसएफ ने सुरक्षा के लिए से विशेष इंतजाम किए हैं। 24 घंटे हमारे जवान और अधिकारी मुस्तैद है। जिससे देश के अंदर नागरिक सुरक्षित महसूस कर रहा है। यह बात आज बीएसएफ के महानिदेशक एमएल गर्ग ने पत्रकारों से कही।

महानिदेश एमएल गर्ग ने बताया कि बीएसएफ विश्व का सबसे बड़ा और अनुभवी सीमा रक्षक दल है और 1965 से लगातार बॉर्डर की सुरक्षा व्यवस्था को देख रहा है। राजस्थान फ्रंटियर का क्षेत्र मरुस्थलीय और अर्थ मरुस्थलीय दो भागों में बांटा हुआ है और विषम परिस्थितियों में सीमा पार होने वाली घुसपैठ और ड्रोन से तस्करी को रोकने में कारगर कदम उठा रहा है।

उन्होंने बताया कि आधुनिक निगरानी उपकरणों के माध्यम से सीमा सुरक्षा बल ने पाक सीमा पार से तस्करी के हो रहे प्रयास को कई बार विफल किया है। बीएसएफ ने वर्ष 2024 में 137 करोड रुपए की कुल 30 किलोग्राम हीरोइन, चार पाकिस्तान ड्रोन और हथियार की भी जब्त किए है, वही 38 संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है , जिसमें से 31 भारतीय नागरिक, 6 पाक नागरिक और एक बांग्लादेशी नागरिक शामिल है।

बॉर्डर टूरिज्म के लिए कार्य किए

डीजी गर्ग ने बताया कि भारत सरकार बोर्डर टूरिज्म को लेकर काफी कार्य कर रही है और बावलियान चौकी में चल रहा सीमा दर्शन का अधिकांश कार्य पूरा हो चुका है , वही तनोट माता मंदिर प्रोजेक्ट के लिए केंद्र सरकार ने 17 करोड़ 68 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है जिसमें तनोट माता मंदिर परिसर मे पर्यटन के लिए से कई सुविधा विकसित की जाएगी।

सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए मॉडल फेंसिंग

बॉर्डर की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए मॉडल फेंसिंग की जा रही है। सीमावर्ती इलाकों में मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध कराने के लिए 109 मोबाइल टावर लगाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में बीएसएफ ने उल्लेखनीय कार्य किया है और चार सीमा चौकिया महिला प्रहरियों की ओर से ही संचालित की जा रही है , जिसमें पोस्ट कमांडर भी महिला अधिकारी को नियुक्त किया गया है।

पर्यावरण के लिए से बीएसएफ इस वर्ष 4 लाख पौधे लगाने जा रहा है, ताकि राजस्थान के बॉर्डर इलाकों को हरा भरा किया जा सके। बांग्लादेश में उपजे हालत को लेकर हालांकि पूर्वी राजस्थान की सीमा पर बीएसएफ मुस्तैदी के साथ काम कर रही है, इसका सीधा असर पश्चिमी राजस्थान की सीमा पर नहीं है , लेकिन फिर भी बीएसएफ अलर्ट मोड पर है।

15 अगस्त के लिहाज से बीएसएफ में अतिरिक्त जाब्ता सीमा पर तैनात किया जा रहा है , ताकि किसी भी प्रकार की घुसपैठ या अवांछित गतिविधि को रोका जा सके।

अपहरण सहित कई मामलों का आरोपी मांगीलाल नोखडा गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं) । जोधपुर रेंज की साइक्लोनर टीम ने ऑपरेशन मनोरमा के तहत कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ तस्करी, अपहरण सहित विभिन्न मामलों के आरोपी मांगीलाल नोखडा को गिरफ्तार किया है।

आरोपी की गिरफ्तारी पर 15 हजार का इनाम घोषित था। आरोपी लॉरेंस बिश्नोई 007 और 00029 गैंग से जुड़कर अपराध करता था। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में अवैध शराब की तस्करी, आर्म्स एक्ट, मारपीट, मादक पदार्थ तस्करी, हत्या का प्रयास, पुलिस पर जानलेवा हमला, रंगदारी लूट अपहरण के 28 मामले दर्ज हैं। आरोपी मई 2024 में पैरोल से फरार हो गया था इसके बाद से ही पुलिस को उसकी तलाश थी।

पुलिस के अनुसार आरोपी मांगीलाल नोखड़ा विश्नोई पुलिस थाना भोजासर जिला फलोदी का रहने वाला है। साइक्लोनर टीम के प्रभारी कन्हैयालाल को आरोपी के बालोतरा के आसपास आने का इनपुट मिला था। इस पर उसे दबोचा गया।

आरोपी पैरोल से आने के बाद वापस जेल में नहीं लौटा और अपने पत्नी व बच्चों को लेकर गुजरात, अन्य राज्यों में फरारी काटने लगा। इसके चलते पुलिस की टीम उसकी तलाश कर रही थी। आरोपी ने 2004 से अपराध की दुनिया में कदम रखा था। इसके बाद अब तक 28 मामले विभिन्न थानों में दर्ज हो चुके हैं।

'भाजपा सरकार बनने के बाद कानून व्यवस्था सुधरी'

जोधपुर, (कासं) । ओसियां विधायक भैराराम सियोल ने क्षेत्र की कानून व्यवस्था को लेकर कहा है कि वर्तमान समय में ग्रामीण पुलिस अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई कर रही है। कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

ओसिया की पूर्व विधायक दिव्या मदेरणा के क्षेत्र की कानून व्यवस्था को लेकर उठाए सवाल पर कहा कि हाथी के दांत खाने के और दिखाने के अलग होते हैं।

कांग्रेस सरकार के समय ओसियां विधानसभा क्षेत्र में चार-चार लोगों का सामूहिक हत्याकांड हुआ था। सरेआम चौराहे पर गोलीकांड हुआ, कितने लोगों का मर्डर हुआ। बच्चियों के साथ रेप हुआ। पिछली सरकार के समय की कानून व्यवस्था का हिसाब यदि पूर्व विधायक दें तो अच्छा होगा।

ओसिया की पूर्व विधायक दिव्या मदेरणा ने खेड़ापा थाना क्षेत्र के एक मामले को लेकर पुलिस पर निष्पक्ष कार्रवाई नहीं करने के आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर कानून व्यवस्था पर कई आरोप लगाए थे। इस पर भाजपा विधायक भैराराम सियोल ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद ओसियां विधानसभा क्षेत्र की कानून व्यवस्था में सुधार हुआ है। यहां की कानून व्यवस्था चाक-चौबंद है। प्रदेश सरकार लगातार भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई कर रही है। जहां कहीं भी कानून का उल्लंघन हो रहा है, उनको जेल में ठूंसने का काम भाजपा सरकार ने किया है। विधायक ने तंज कसते हुए कहा कि हो सकता है उनके चहेते लोगों पर पुलिस ने मुकदमे बनाकर जेल में पहुंचाने का काम किया है। पुलिस ने उनकी सोची-समझी योजना के अनुसार काम नहीं किया होगा। कानून तो कानून के हिसाब से काम करेगा, किसी व्यक्ति के अनुसार काम नहीं करेगा।

विधायक ने कहा कि विधानसभा के अंदर ईआरसीपी की तर्ज पर उन्होंने डब्ल्यूआरसीपी की बात रखी। पिछले कई दिनों से और संविधान सभा क्षेत्र और पूरे जोधपुर जिले में अच्छी बारिश हुई है। अच्छी बारिश के साथ-साथ और संविधान सभा क्षेत्र के अंदर 6 से 7 ग्राम पंचायत के अंदर अतिवृष्टि की बारिश में हुई है। उसको लेकर उन्होंने खेतों में जाकर हालातों की जानकारी ली। कई जगह पर फसल बर्बाद हो चुकी है, इसको लेकर कलेक्टर को भी जानकारी दी है। जिन खेतों की फासले पूर्ण रूप से नष्ट हो चुकी है उन्हें नियमानुसार मुआवजा दिया जाए।

उन्होंने कहा दो से तीन पंचायतों में बारिश के पानी से घिरे मकानों से पानी निकलवाने के लिए उन्होंने संबंधित विभाग के साथ ही सीएमओ को भी अवगत करवाया है।

दिया कुमारी जोधपुर पहुंची

जोधपुर, (नि.सं.)। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी सोमवार सांय को सड़क मार्ग से अजमेर से जोधपुर पहुंची। मंगलवार को जोधपुर, नागाणा व कनाना में आयोजित कार्यक्रमों में शरीक होगी।

जिला कलैक्टर गौरव अग्रवाल ने बताया कि उपमुख्यमंत्री मंगलवार को प्रात: 10.30 बजे जिला कलेक्टेट जोधपुर में तिरंगा यात्रा का शुभांरभ करेंगी। इसके बाद जोधपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर नागाणा पहुंचेगी व वहां आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शरीक होगी व माँ नागणेच्या माताजी मंदिर, नागाणा में दर्शन करेगी।

उपमुख्यमंत्री नागाणा के नागणेच्चया मंदिर से प्रस्थान कर कनाना पहुंचेगी व वहां वीर दुर्गादास राठौड जयंती व मूर्ति अनावरण समारोह की मुख्य अतिथि होगी।

कनाना से दोपहर प्रस्थान कर जोधपुर पहुंचेगी व जोधपुर पहुंचने के बाद पीडब्ल्यूडी, महिला एवं बाल विकास व पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक लेंगी।

तिरंगा रैली निकाली

बालोतरा, (निसं)। जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने सोमवार को जिला कलैक्टर कार्यालय परिसर पर तिरंगा रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

जिला प्रशासन व महिला एवं बाल विकास अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वाधान में हर घर तिरंगा कार्यक्रमों की कडी में जिला कलैक्टर कार्यालय से हर घर तिरंगा रैली का आयोजन हुआ। तिरंगा रैली को जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला कलैक्टर ने संभागियों को हर घर तिरंगा लहराने की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलैक्टर नानूराम सैनी, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान, महिला एवं बाल विकास अधिकारिता विभाग के उप निदेशक नितिन गहलोत समेत सभी प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी, आंगनवाडी कार्यकर्ता, विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सहित अन्य संभागियों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

देश भक्ति से ओतप्रोत हुआ तिरंगा रैली मार्ग- महिला एवं बाल विकास अधिकारिता विभाग की आंगनवाडी कार्यकर्ताओ के साथ विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लिए हुए शहर के मुख्य मार्ग में देशभक्ति के नारों का प्रसारण कर वातावरण को राष्ट भक्ति से ओतप्रोत कर दिया। यह तिरंगा रैली जिला कलैक्टर कार्यालय से रवाना होकर नगर परिषद होती हुई डागा हॉस्पीटल पहुंची। रैली का समापन भारत माता की जय घोष के साथ किया।

आगामी दिनों में भी होंगे विभिन्न आयोजन- इसी कडी में 13 अगस्त को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के दौरान लगाई गई शहीद पट्टीका पर ध्वजारोहण कार्यक्रम नगर परिषद, नगर पालिका एवं प्रत्येक पंचायत समिति के साथ ग्राम पंचायत स्तर पर भी आयोजित किया जायेगा। साथ ही 14 अगस्त को तिरंगा कॉन्सर्ट एवं तिरंगा मेले का आयोजन किया जायेगा।

जिसमें सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ फूड स्टॉल, तिरंगा स्टॉल, सेल्फी पॉइंट लगाये जाएंगे।

महिला सहित डोडा पोस्त पकड़ा

जोधपुर, (**कासं**) । शहर की लूणी पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार कर उससे अवैध डोडा पोस्त बरामद कर एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया। लूणी थानाधिकारी हुकमसिंह के अनुसार वे रविवार को गश्त पर थे।

तब फींच गांव में धायलों की ढाणी निवासी सायरी विश्नोई को संदेह के आधार पर चैक किया। इस पर उसके पास से 0.5 किलो 200 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ। उसे एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर लिया गया।

245 टीमों ने खंगाले 15 हजार घर, ऑयल बॉल्स बरसाती पानी में डाली

पाली, (नि.सं.)। मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए चिकित्सा विभाग की ओर से सोमवार को पाली शहर में सघन सर्वे अभियान चलाया गया। चलाए जा रहे अभियान के प्रथम दिन सोमवार को पाली शहर में 245 टीमों ने करीब 15 हजार घरों का सर्वे कर लोगों को मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए जागरूक किया गया।

साथ ही इन टीमों न शहर में खाली प्लॉटों में जमा बरसाती पानी से मच्छर नहीं पनपे इसके लिए 500 से अधिक ऑयल्स बॉल्स इन बरसाती जमाव पानी में डालकर वहां पनप रहे लार्वा को नष्ट करने की कार्यवाही की गई। इतना ही नहीं इन टीमों ने माईकिंग से लोगों को मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए जानकारी देकर जागरूक किया गया।

सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल ने कहा कि पाली में पिछले दिनों पाली शहर सहित जिले भर में हुई बारिश के बाद मौसमी बीमारियां नहीं फैले इसको लेकर चिकित्सा विभाग सजग व सतर्क है। उन्होंने बताया कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं बचाव के लिए जिला कलेक्टर एलएन मंत्री के निर्देश पर चिकित्सा विभाग की ओर से 12 से 14 अगस्त तक पाली शहर में सघन सर्वे एवं स्वास्थ्य शिक्षा अभियान चलाने का निर्णय किया गया। इसी निर्देश की पालना में मौसमी बीमारियों के बचाव एवं नियंत्रण के पाली शहरी क्षेत्र में सोमवार से सम्पूर्ण शहरी क्षेत्र में सघन अभियान चलाया जा कर मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए मच्छररोधी गतिविधियां की गई। यह गतिविधियां मंगलवार को भी जारी रहेगी।

उन्होंने बताया कि सोमवार को प्रथम दिन इस अभियान के तहत 711 सदस्यों की 245 टीमों ने पाली शहर के करीब 15 हजार से अधिक घरों का सर्वे कर वहां के लोगों को मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए जागरूक किया गया। साथ ही इन टीमों न शहर में खाली प्लॉटों में जमा बरसाती पानी से मच्छर नहीं पनपे इसके लिए 500 से अधिक ऑयल बॉल्स इन बरसाती जमाव पानी में डालकर वहां पनप रहे लार्वा को नष्ट करने की कार्यवाही की गई। माईकिंग से लोगों को मौसमी बीमारियों से बचाव की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

उन्होंने बताया कि इन टीमों को सोमवार सुबह 8 बजे बांगड अस्पताल के ऑडिटोरियम में अभियान के तहत किस तरह सर्वे करना तथा लोगों को किस तरह लार्वा नष्ट करने के बारे में प्रषिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में इन टीमों को सर्वे के दौरान सामान्य मौसमी बीमारियां (दस्त बुखार, सर्दी एवं खांसी आदि) के उपचार में काम में आने वाली आवश्यक दवाईयां की किट एवं मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए अपनाई जाने वाली सावधानियों से संबंधित पेंपलेट्स व आईईसी सामठी सर्वे दौरान आमजन को उपलब्ध करवाए जाने के बारे में बताया गया।

एएनएम प्रशिक्षण केंद्र के प्रिंसीपल केसी सैनी, एपिडेमियोलोजिस्ट डॉ.अंकित माथुर, एनयूएचएम के डीपीओ जितेन्द्र परमार, एएमओ विरेन्द्र वैष्णव, डीपीसी (आईईसी) नंदलाल शर्मा, डीपीसी (आशा) कुलदीप गोस्वामी, डाटा मैनेजर गजेन्द्र शर्मा, सवाईसिंह, पृथ्वी सिंह का सहयोग रहा।

जालोर में युवा कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन आज

जालोर (**कासं**)। जालोर शहर में मंगलवार को युवा कांग्रेस के कलेक्ट्रेट का घेराव प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष यशवीर शूरा के मुख्य आतिथ्य में किया जायेगा।

युवा कांग्रेस जालोर द्वारा केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कलेक्ट्रेट घेराव में राजस्थान युवा कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष यशवीर शूरा सम्मिलित होंगे।

भारतीय युवा कांग्रेस के कॉर्डिनेटर एवं जोधपुर संभाग प्रभारी लक्ष्मण सिंह सांखला एवं युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीपक थांवला ने बताया कि प्रदेश भर में युवा कांग्रेस द्वारा केंद्र सरकार ओर राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे है उसी अनुरूप जालोर युवा कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। लक्ष्मण सिंह सांखला ने बताया कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है तभी से लेकर प्रतिदिन महिला अपराधों में बढोतरी होती जा रही है, दलितों पर अत्याचार बढते जा रहे है जालोर में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा अनेक सौगात दी गई थी लेकिन भाजपा ने आते ही उन कार्यों पर रोक लगा दी, ये भाजपा सरकार हीन भावना से कार्य कर रही है।

अपहरणकर्ताओं के चंगुल से छुड़ाया, बदमाश पकड़े

जैसलमेर, (नि.सं.)। जैसलमेर जिला पुलिस अधीक्षक जैसलमेर सुधीर चौधरी के निकटतम निर्देशन में, जिला पुलिस की त्वरित कार्यवाही, चंद घण्टों में पीडित को अपहरणकर्ताओं के चंगुल से सकुशल दस्तयाब किया। नागौर पुलिस के सहयोग से मुल्जिमान मय वारदात में प्रयुक्त वाहन को दस्तयाब किया। मुल्जिमान के भागने पर कांस्टेबल सुरेन्द्र काला ने पीछा कर दस्तयाब किया।

पोकरण में सोमवार सुबह शहर में एलएनटी कम्पनी के रेस्ट हाउस से एलएनटी कम्पनी के प्रोजेक्ट मैनेजर सुदर्शन गांधी के अपहरण की सूचना पर जिला पुलिस द्वारा त्वरित नाकाबंदी कर अपहर्ता व मुल्जिमान की तलाश शुरू की गई।

प्रकरण की वारदात की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक, जैसलमेर सुधीर चौधरी के निकटतम निर्देशन में गोपालसिंह भाटी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पोकरण के सुपरविजन में भावानीसिंह वृताधिकारी वृत पोकरण व प्रभारी डीसीआरबी भीमराव सिंह को मुल्जिमानों को अविलम्ब दस्तयाब करने के निर्देश दिए गए। निर्देशों की पालना में राजुराम उनि थानाधिकारी पुलिस थाना पोकरण के नेतृत्व में अलग अलग पुलिस टीमों का गठन कर जिले भर में नाकाबंदी कर अज्ञात बदमाशान की तलाश शुरू की गई। पुलिस टीमों द्वारा लगातार तलाश कर डीसीआरबी के सहयोग से मुल्जिमान की मौजूदगी जिला नागौर की तरफ आने पर त्वरित नागौर पुलिस से समन्वय कर नाकाबदी करवाकर थानाधिकारी सदर अजय कुमार निपु मय जाब्ता, थानाधिकारी पुलिस थाना सुरपालिया व थानाधिकारी पुलिस थाना रोल तथा पुलिस थाना कोतवाली नागौर द्वारा लगातार पीछा कर पुलिस थाना रोल थानान्तर्गत हरिमा टोल पर चंद घण्टों में अपहर्त सुदर्शन गांधी को सकुशल दस्तयाब कर अपहरण करने वाले आठ मुल्जिमान को दस्तयाब करने पर भागने पर कानिस्टेबल सुरेन्द्र काला व हरिकृष्ण द्वार बहादुरी पूर्वक पीछा कर दस्तयाब कर वारदात में प्रयुक्त वाहन बोलेरो निओन जब्त की गई।

गिरफ्तार मुल्जिमान मोहित कुमार पुत्र शयामबाबू निवासी चक गरीब दास बगिचा नैनी इलाहाबाद उतरप्रदेश, सुमित कुमार पुत्र मुंशीलाल उम्र 26 वर्ष निवासी गनुपुरवा सेमठी, अकोडा करछना इलाहाबाद उतरप्रदेश, संदीप पुत्र ब्रजेश निवासी करछना पुलिस थाना करछना इलाहाबाद उतरप्रदेश, रविसिंह पुत्र रामसिंह निवासी मजुवा पुलिस थाना करछना इलाहाबाद उतरप्रदेश, शैलेश कुमार पटेल पुत्र इन्द्रजीत पटेल निवासी बनपुरवा सेकरी पुलिस थाना करछना इलाहाबाद उतरप्रदेश, सुरेन्द्र कुमार पटेल पुत्र रामाश्रम पटेल निवासी बनपुरवा सेकरी पुलिस थाना करछना इलाहाबाद उतरप्रदेश, नरेन्द्र कुमार पटेल पुत्र रामाश्रम पटेल निवासी बनपुरवा सेकरी पुलिस थाना करछना इलाहाबाद उतरप्रदेश, आशीष कुमार पटेल पुत्र गिरीजेश कुमार पटेल निवासी बलगोना खुर्द पुलिस थाना कोछियारा जिला प्रयागराज उतरप्रदेश हैं।

पुतला दहन किया

रेवदर, (निसं)। रेवदर में बांग्लादेशी झंडा जलाने व पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा अनादरा मंडल अध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह देवडा ने ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए बताया कि बांग्लादेश में हो रहे हिंदूओं पर अत्याचार हम सहन नहीं करेंगे। युवा समाजसेवी चिराग पुरोहित ने ग्रामीणों से निवेदन किया कि अगर जल्द बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार खत्म नहीं होते हैं तो हम उग्र प्रदर्शन करेंगे। सिरोडी व्यापार संघ अध्यक्ष सतरा राम चौधरी, अनादरा मंडल उपाध्यक्ष जयदीप सिंह देवडा, समाजसेवी नरेंद्र देवडा, सेल सिंह देवडा, गुमान सिंह रावणा राजपूत, चिराग, प्रागा लोहार आदि उपस्थित थे।

अलग-अलग स्थानों से हुई बाइक चोरी

जोधपुर (**कासं**) । शहर में अलग अलग स्थानों से हुई बाइक चोरी के प्रकरण पुलिस ने दर्ज किए। बनाड़ पुलिस ने बताय कि भोपालगढ़ के अरटियाकला निवासी दौलाराम पुत्र श्रीराम जाट रविवार की शाम के समय वह बनाड़ चौराहा मार्केट में आया था। जहां पर अपनी बाइक खड़ी की और काम से चला गया । कुछ ही देर में लौट कर आया तो देखा कि उसकी बाइक चोरी हो गई है । बाइक खोकर थाने पहुंचा तथा बिइक चोरी का मामला दर्ज कराया। पुलिस अज्ञात चोर की तलाश में सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। इसी तरह सरदारपुरा थाने में दी रिपोर्ट दर्ज कराई।

ध्वज पूजन किया

जोधपुर, (कासं) । राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अरोड़ा प्रौढ़ शाखा केशव नगर शाखा का वन भ्रमण कार्यक्रम कायलाना झील के पास रेडार रोड स्थित प्राचीन बिजोलाई बालाजी मंदिर में सम्पन्न हुआ। अरोड़ा प्रौढ़ शाखा केशव नगर के स्वयं सेवक नगर भ्रमण करते हुए बिजोलाई आश्रम पहुंचे और यहां पर ध्वज पूजन किया।

अरोड़ा प्रौढ़ शाखा केशव नगर के संघचालक नरेन्द्र शर्मा, कार्यवाह विक्रमसिंह सांखला और मुख्य शिक्षक त्रिलोकसिंह ने इस अवसर पर स्वयं सेवकों को संबोधन दिया।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयं सेवकों ने भगवा ध्वज को गुरु मानते हुए गुरु दक्षिणा किया। साथ ही स्वयं सेवकों ने भगवा ध्वज पूजन किया।

कार्यक्रम में अरोड़ा प्रौढ़ शाखा केशव नगर के संघ चालक नरेन्द्र शर्मा ने भगवा ध्वज पूजन और गुरु दक्षिणा के बारे में प्रकाश डालते हुए संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलीराम हेडगेवार के सोच को लेकर बताया कि भगवा ध्वज को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का गुरु इसलिए माना गया क्योंकि भगवा रंग रंग यथार्थ सच्चाई का प्रतीक है।

हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत 15 अगस्त तक आयोजित हो रहे विभिन्न कार्यक्रम

जालोर (**कासं**)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के तहत 9 से 15 अगस्त 2024 तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं। जिला कलैक्टर पूजा पार्थ ने बताया कि ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के तहत 13 अगस्त को शिलाफलकम स्थलों पर तिरंगा शपथ का आयोजन किया जायेगा वही 13 से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा फहराने के साथ ही राष्ट्रीय ध्वज के साथ सेल्फी लेकर इसे ूर्णंतहींतजपतंदहंण्बवउ पर अपलोड करने से संबंधित गतिविधि का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार 14 अगस्त को सायं 7.30 बजे तिरंगा मेला, एक शाम तिरंगे के नाम कार्यक्रम एवं स्वतंत्रता सैनानियों व उनके परिवारजनों का सम्मान एवं शहीदों की श्रद्धांजलि देने के कार्यक्रम का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अतिरिक्त जिला कलैक्टर जालोर शिवचरण मीना को जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया हैं तथा जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी व जालोर उपखण्ड अधिकारी शंकरलाल मीना को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया हैं। वही नगरीय निकायों में कार्यक्रमों के आयोजन के लिए संबंधित उपखण्ड अधिकारी को नोडल अधिकारी व संबंधित नगरीय निकाय अधिकारी को प्रभारी अधिकारी तथा ग्राम पंचायत स्तरीय कार्यक्रम के लिए संबंधित विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी व संबंधित ग्राम विकास अधिकारी को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। नगर परिषद क्षेत्र जालोर में मंगलवार को तिरंगा रन का होगा आयोजन ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के तहत 13 अगस्त को प्रात: 8 बजे नया बस स्टेण्ड से स्टेडियम तक तिरंगा रन का आयोजन किया जायेगा।

राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस मनाया

जोधपुर (कासं) । शहर की स्कूल-कॉलेजों व पुस्तकालयों में सोमवार को राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस मनाया गया। राजकीय सुमेर सार्वजनिक मंडल पुस्तकालय में शिक्षा विभाग पुस्तकालयाध्यक्ष वाकपीठ, जोधपुर एवं राजस्थान पुस्तकालय सेवा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में पुस्तकालय विज्ञान के प्रणेता डॉ. एसआर रंगनाथन सप्ताह समारोह मनाया गया। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष भरत सांखला ने डॉ. रंगनाथन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। प्रांतीय प्रतिनिधि घनश्याम लक्षकार ने बताया कि धन से पुस्तकालय की तुलना की जाए तो इसमें पुस्तकालय मूल्यवान होगा क्योंकि धन के भण्डार की पुस्तकालय के समक्ष क्या बिसात है। अत: पुस्तकालय हमारी सभ्यता और संस्कृति का प्रतीक और संरक्षक है, हमारी संस्कृति का आधार स्तम्भ है। कार्यक्रम में अनिल माथुर, निधि भार्गव, जगदम्बा सिंह, चेतन सहित अन्य पुस्तकालयाध्यक्ष मौजूद थे।